हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 अप्रैल 2025

06 टीकमगढ़ फिर जला : ऑयल मिल में लगी भीषण आग



07 हिंदू संगठनों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला...





## खबर संक्षेप

### मातृत्व सुरक्षा योजना शिविर का आयोजन

**सागर।** शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मकरोनिया संस्था में प्रत्येक महीने आयोजित होने वाले प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में संस्था के प्रभारी डॉ आर.के. खरे एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ श्वेता शहनीश ब्रेथल की उपस्थिति में सागर शाखा की प्रेसिडेंट डॉ ज्योति चौहान, सचिव डॉ निधि जैन सदस्य डॉ साधना मिश्रा, ममता सिंघई द्वारा शिविर में सहयोग प्रदान किया गया। सदस्यों द्वारा महिला मरीजों की जांच की गई एवं उनको गर्भधान के समय देखरेख करने की सलाह प्रदान की गई।

### फर्जी डॉक्टर व क्लिनिकों पर लगातार कार्रवाई जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी केसली गगन बेसन के निर्देश अनुसार केसली में चल रहे झोला छाप डॉक्टरों की तीन क्लिनिक का नायब तहसीलदार केसली तथा बीएमओ केसली द्वारा औचक निरीक्षण किया गया , जिसमें शिवराज सिंह लोधी का यूनानी चिकित्सा केंद्र, मुकेश पटेल जनस्वास्थ्य रक्षक तथा एस के भौमिक का मां काली मेडिकल स्टोर में अवैध रुप से मरीजो का इलाज करते पाए जाने पर कार्यवाही की गई। भौमिक का क्लीनिक सील कर पंचनामा बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग से आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ममता तिमोरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रहली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने आवश्यक निर्देश भी दिए एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद व्यक्तियों से चर्चा की। मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ममता तिमोरी ने निर्देश दिए की प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में समय पर सभी डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे एवं आवश्यक दावाओं का स्टॉक बनाकर रखें। उन्होंने निर्देश दिए कि इसी प्रकार ऑक्सीजन की उपलब्धता भी रखें।

### बाल चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के कुशल पोषण पखवाड़ा में जिले भर की 2633 आंगनबाड़ी केंद्रों में बाल चौपाल/बाल हिलोरा कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं समुदाय को आंगनवाड़ी केंद्रों से जोड़ना था । समुदाय के लोगों को केंद्रों में बच्चों के साथ होने वाली शाला पूर्व शिक्षा के सम्बन्ध में जानकारी देना एवं केंद्रों पर बच्चों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में शामिल होना एवं सहयोग करना था। केंद्रों पर बच्चों द्वारा रुचिकर गतिविधियां की जा रही थी समुदाय के लोग केंद्रो से जुड़ते नज़र आए। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा अपील की गई है कि आएं हम सभी अपने आस पास आंगनवाड़ी केंद्र में अपना सहयोग दें और बच्चों महिलाओं किशोरियों को आंगनबाड़ी में नियमित रूप से भेजकर पोषण स्वास्थ्य खेल खेल में शिक्षा का लाभ दिलाए।

### युवा संगम का आयोजन 28 अप्रैल को

**सागर।** युवाओ को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे स शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान परिसर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेन्टिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदको का साक्षात्कार लेकर चयन किया जाएगा।

## लापरवाह सर्वेयरों तथा ट्रांसपोर्टर को ब्लैकलिस्ट करने व एफ.आई.आर. के दिए आदेश

# बारदाने की कमी को दूर करने के लिए मंत्री गोविन्द राजपूत ने दिलाई सागर जिले के लिए बारदाने की ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुरुवार को सागर जिले के खाद्य और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ जिले में चल रहे चना, मसूर, सरसों और गेहूं उपार्जन कार्य की समीक्षा की। विगत दिनों जब पता चला कि सागर में खरीदी केन्द्रों पर बारदाना घट रहा है तो मंत्री राजपूत ने पहले तो अलग अलग जिलों से ट्रकों के माध्यम से बारदान सागर जिले के लिए मंगवाया साथ ही पश्चिम बंगाल से एक ट्रेन भर बारदाना (रैक) सागर जिले के लिए बुलवा लिया है। खाद्य मंत्री के इस प्रयास से जिले में बारदाने का स्थायी हल हो गया है। बैठक में मंत्री ने किसानों को हो रहे धीमे भुगतान को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों का भुगतान शीघ्र कराया जाए किसानों के भुगतान में विलम्ब के लिए जो अधिकारी कर्मचारी दोषी होंगे उनके लिए बक्शा नहीं जायेगा। खाद्य मंत्री ने जिला विपणन अधिकारी रोहित सिंह बघेल एवं जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम एवं सयुक्त कलेक्टर जूही गर्ग को किसानों का भुगतान किसी भी हाल में उनकी उपज बिकने के सात दिन के अंदर करने के निर्देश दिए। बैठक में जब खाद्य मंत्री ने भुगतान में विलम्ब का पता किया तो ज्ञात हुआ की चना, मसूर व सरसों में सर्वेयर की लापरवाही के कारण भुगतान में विलंब हो रहा है, वहीं गेहूं में ट्रांसपोर्टर की गलती और धीमी गति से परिवहन के कारण भुगतान में देरी हो रही है। मंत्री ने बेहद नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार सर्वेयर उपलब्ध कराने वाली कंपनी के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज कराने के साथ ही लापरवाह परिवहनकर्ता को ब्लैकलिस्ट करने का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिये। मौके पर मौजूद परिवहनकर्ता को कड़ी फटकार भी लगाई। खाद्य मंत्री ने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी की उपार्जन के दौरान सभी अधिकारी फील्ड पर रहें और ध्यान रखें कि किसानों को कोई परेशानी ना आये। राजपूत ने कहा कि अधिकारी कंट्रोल रूम बनाकर 24 घंटे निगरानी रखें। उन्होंने कहा कि बारदाना पर्याप्त है किसी भी समिति में बारदाने की कमी नहीं होनी चाहिए।

सर्वेयरों की अगर शिकायत आती है तो उनपर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसका औचक निरीक्षण कर यथास्थिति की जानकारी ली जाये। जो केन्द्र स्थापित किए गए है उन पर शीघ्र खरीदी आरंभ की जाये। मंत्री श्री राजपूत ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के किसानों को कोई भी परेशानी नहीं होनी चाहिए।



## वन स्टॉप सेंटर सागर के प्रयासों से दमोह की गुमशुदा महिला अपने परिवार से मिली

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर की देखरेख में वन स्टॉप सेंटर सागर के संवेदनशील प्रयासों से दमोह की एक लकवाग्रस्त गुमशुदा महिला अपने परिवार से मिली। यह महिला चोटिल स्थिति में जीआरपी सागर को रेल्वे स्टेशन सागर पर मिली जिसे जीआरपी द्वारा डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया एवं सूचना वन स्टॉप सेंटर को दी गई। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए वन स्टॉप सेंटर की टीम अस्पताल पहुँची एवं महिला की कॉउंसलिंग की महिला कुछ भी बताने में असमर्थ थी। अगले दिन पुनः वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा महिला से बात की गई तब महिला ने बताया की उसे लकवा लग गया था तभी से उसे कुछ याद नही रहता वह अपना नाम बताने में भी असमर्थ थी। महिला से जिलों के नाम बताकर गृह जिला जानने का प्रयास किया गया उसने अपने आप को दमोह का होना बताया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा महिला की फ़ोटो दमोह पुलिस को दी गई। महिला की फ़ोटो जिले के सभी सोसल मीडिया ग्रुप में भेजी गई जिससे महिला के परिजनों द्वारा महिला की पहचान की और महिला का पारिवारिक पुर्नवास हो सका।

## महापुरुष किसी समाज विशेष के नहीं बल्कि समग्र समाज के हैं: शैलेंद्र जैन विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सेन जयंती के अवसर पर अंबेडकर वार्ड स्थित संत श्री सेन जी महाराज मंगल भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र कुमार जैन, कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश्वर सेन उपस्थित थे। कार्यक्रम में सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर। विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कहा कि साधु संतों को हमने अपनी सुविधा के अनुरूप बांट लिया है पर वो समग्र समाज के है। महापुरुषों और साधु संतों को किसी जाति विशेष में बांटना न्याय संगत नहीं है वो हम सभी के है। उनकी स्मृतियां अक्षुण्ण बनी रहे। सेन जी महाराज की स्मृति में हमने यह 40 लाख रुपए की लागत से मंगल भवन बनाया है। मेरी इच्छा है कि इस भवन में एक वाचनालय भी बनाया जाए जिसमें हमारे महापुरुषों की जानकारी के साथ साथ अन्य जानकारियों की पुस्तके उपलब्ध कराई जाए ताकि हमारी युवा पीढ़ी इन मंगल भवनों का लाभ ले सकें । इसमें बच्चों को समाज के सेवानिवृत्त शिक्षकों द्वारा सेवा देकर सहयोग किया जाए। बेटियों को ब्यूटी पार्लर और अन्य तरह का प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर स्वावलंबी बनाया जाए। उन्होंने इन मंगल भवनों में अपनी ओर से कुर्सियां, बर्तन और साउंड सिस्टम उपलब्ध कराने की बात कही ताकि वे गरीब परिवार जो मंगल भवनों का किराया भी नहीं दे सकता वह टेंट और साउंड की राशि कहां से दे सकेगा। उन्होंने कहा कि हमे अपने बच्चों को आज शिक्षा के साथ साथ संस्कार जरूर दे ताकि वे अपनी संस्कृति को पहचान सके। कार्यक्रम को सेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजेश्वर सेन ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बाल किशन सेन, श्रीकांत सेन, अनिल सेन, दिनेश सेन, संतोष सेन, राजकुमार सेन, गजराज सेन, ममता सेन, विनोद सेन सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## कलेक्टर की बड़ी कार्रवाई: नरवाई जलाने वालों पर एफ आई आर कर पौने दो लाख रुपए किया गया जुर्माना

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले में नरवाई जलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए चार दर्जन से अधिक व्यक्तियों पर एफआईआर करते हुए पौने दो लाख रुपए से अधिक राशि का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की है। कलेक्टर संदीप जी आर ने समस्त एसडीएम, तहसीलदार को निर्देशित किया था कि अपने-अपने क्षेत्र में यदि कहीं नरवाई जलाई जाती है तो इस पर कड़ी कार्रवाई की जावे और पुलिस कार्रवाई भी सुनिश्चित करते हुए जुर्माना की कार्रवाई की जावे। उन्होंने बताया कि नरवाई जलाने पर 2 एकड़ से कम जमीन पर 2500 रु. प्रति घटना, 2 एकड़ से अधिक एवं 5 एकड़ से कम जमीन पर 5000 रु. प्रति घटना एवं 5 एकड़ से अधिक जमीन पर 15000 रु. प्रति घटना के हिसाब से जुर्माना लगाया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी आर ने बताया कि सागर जिले में नरवाई जलाने के संबंध में अब तक 54 एफआईआर दर्ज की गई हैं जिसमें सर्वाधिक 9 एफ आई आर बीना एसडीएम विजय डहेरिया के द्वारा की गई एवं जुर्माना भी 96500 का किया गया। इसी प्रकार सागर नगर में 2, सागर में 4, बंडा में 3, बांदरी में 5, खुरई में 4, मालथौन में 2, जैसीनगर में 1, देवरी में 7, शाहगढ़ में 3, केसली में 6, रहली में 4, गढ़ाकोटा में 2 एवं राहतगढ़ में 2 एफआईआर दर्ज की गई जिसमें अब तक कुल 1 लाख 76 हजार 200 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

## ईट राईट चैलेंज फेज-4 के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए

**सागर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन सागर द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 एवं खाद्य सुरक्षा से संबंधित अन्य योजनाओं के कियान्वयन हेतु अखिल भारतीय ईट राईट चैलेंज प्रतियोगिता फेज-4 आयोजित की गई। कलेक्टर महोदय, सागर के मार्गदशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन जिला सागर द्वारा उक्त प्रतियोगिता के विभिन्न लक्ष्यों को शत-प्रतिशत प्राप्त किया गया है।इस प्रतियोगिता में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सागर भारतीय खाद्य संरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा अधिकृत ऑडिट ऐजेन्सी से आनंद वृद्धाश्रम सागर, पंडित दीन दयाल रसोई, बुन्देलखण्ड मेडीकल कॉलेज केन्टीन, जिला चिकित्सालय केन्टीन एवं सीताराम रसोई, को ईट राईट केम्पस प्रमाण पत्र, सागर के गुरुद्वारा एवं श्री बालाजी हनुमान मंदिर में आने वाले श्रृद्धालुओं को दिये जाने वाले प्रसादी की भोग प्रमाण पत्र हेतु ऑडिट विभागीय अधिकारियों के पर्यवेक्षण में करवाई गई। ऑडिट की रिपोर्ट भारतीय खाद्य संरक्षा मानक प्राधिकरण नई दिल्ली भारत सरकार को प्रेषित की गई जिसके पश्चात संबंधित संस्थानों को प्रमाण पत्र जारी किये गये हैं। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारियों के पर्यवेक्षण में सागर जिले में स्थित 250 विभिन्न रेस्टोरेंट एवं बेकरियों को हाईजिन रेटिंग प्रमाण पत्र प्राप्त हुऐ हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर 23 अप्रैल को संबंधित संस्थानों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर ट्रेड में बच्चों से प्रशिक्षण की ली जानकारी

# कलेक्टर ने इंदिरा नेत्र चिकित्सालय, बीड़ी अस्पताल, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य संस्थाओं का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



कलेक्टर संदीप जी आर ने एसडीएम अदिति यादव सहित अन्य अधिकारियों के साथ इन्दिरा नेत्र चिकित्सालय, बीड़ी अस्पताल, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहित अन्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रियंका राय, तहसीलदार प्रवीण पाटीदार, सुनील शर्मा, संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य सुनील देसाई सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने आज संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पहुंचकर शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं से बातचीत की एवं उनके भविष्य के संबंध में, लक्ष्य के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनर ट्रेड में बच्चों से एवं प्रशिक्षण अधिकारी अनुराग पाठक से प्रशिक्षण की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण हेतु मार्गदर्शन दिया। उन्होंने फिटर मशीनिस्ट एवं टर्नर ट्रेड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आईटीआई में छात्रावास का भी निरीक्षण किया एवं निर्देश दिए कि छात्रावास में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें एवं गर्मी को देखते हुए कूलर, पंखा भी उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावास में छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए।कलेक्टर संदीप जी आर ने इंदिरा नेत्र चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया जहां उन्होंने अस्पताल में मौजूद डॉक्टर और स्टाफ से अस्पताल में आने वाले, स्वास्थ्य परीक्षण करने वालों की संख्या एवं संसाधन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ऑपरेशन थिएटर, दवा वितरण केंद्र, पंजीकरण केंद्र, प्रशिक्षण केंद्र सहित अन्य केंद्रों का भी निरीक्षण किया। तत्पश्चात कलेक्टर ने बीड़ी अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौजूद डॉक्टर से अस्पताल के संबंध में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल के संबंध में संपूर्ण प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। अस्पताल परिसर एवं भवन के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।कलेक्टर ने खुरई रोड स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के द्वारा संचालित कन्या छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास की छात्राओं के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं छात्रावास परिसर में पुराने भवन को पीडब्ल्यूडी के माध्यम से डिस्मेंटल करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सभी पुराने भवन जो अनुपयोगी हैं, उन्हें तत्काल डिस्मेंटल किया जाए।



## निगम कर्मचारी संघ ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शहीद हुए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**सागर।** नगर निगम कर्मचारी कल्याण मोर्चा एवं नगर निगम, नगरपालिका संघ के द्वारा पहलगाम में आतंकवादी हमले में शहीद हुए व्यक्तियों को 2 मिनट का मौन धारणकर श्रृद्धांजलि अर्पित कर ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रृद्धांजलि सभा में नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हरेन्द खटीक, प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत, कार्यालय अधीक्षक आर बी जोशी, आनंद मंगल गुरु, शईदउद्दीन कुरैशी, सहायक यंत्री संजय तिवारी, ब्रजेश तिवारी, राजेश चौबे, माधव प्रसाद चढ़ार, शकुंतला गोस्वामी, शैलेंद्र जडिया, लेखापाल अभिषेक तिवारी, जया श्रीवास्तव, सुरेश विश्वकर्मा, कंचन गर्ग, राजेंद्र सेन, यशवंत कोष्टी सहित लोक कर्म शाखा, स्थापना शाखा स्वास्थ्य विभाग, पेंशन शाखा, वाहन शाखा एवं सभी शाखाओं में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी सभी अधिकारी उपस्थित थे।



## सिंधी समाज ने पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

**सागर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के बैसरन घाटी पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगो को जय माता दी झूलेलाल शरण मंडली के तत्वाधान में 2 मिनिट का मौन धारण कर हमले में शहीदों को दी श्रद्धांजलि। मंडली संस्थापक लालाराम मेठवानी ने कहा की कश्मीर की सुंदर वादियों का लुत्फ उठा रहे सैलानी पर कायराना हमला कर कश्मीर घूमने आये पर्यटको पर गोली बरसाना कहा की बहादुरी है। सिंधु संस्कार समिति के राजेश मनवानी ने कहा की कश्मीर अपनी सुन्दरता और बदलते मौसम के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। यही कारण है कि देश विदेश से पर्यटक कश्मीर घूमने आते हैं और यहाँ के सुंदर नज़ारे देश विदेश से आए पर्यटकों को लुभाते हैं । लेकिन आतंकियों ने इस पर विराम लगा दिया। कायराना हमला कर इसमें निर्दोश मारे गए लोगो को दी श्रद्धांजलि। इस अवसर पर सिंधी समाज के वरिष्ठ समाजसेवी हासाराम मेठवानी, सिंधी समाज अध्यक्ष भीष्म राजपूत, ट्रस्ट अध्यक्ष सुशील लहरवानी, मंडली अध्यक्ष सुरेश मोहनानी, प्रेमचंद प्रथ्यानी, निर्मल भोले, सुरेश हसरेजा, वीनू आहूजा, योगेश मेठवानी, महिला मंडल अध्यक्ष दिया राजपूत, रैना गोकलानी, दीपा मोटवानी, मानसी दरयानी, मोना जुगवानी, साक्षी हसरेजा, भारती मोहनानी सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग शामिल हुए।



## पुरोहित पुजारी विद्वत संघ ने विधायक शैलेंद्र कुमार जैन का किया सम्मान

**सागर।** पुरोहित पुजारी विद्वत संघ द्वारा पंडित भरत तिवारी एवं पंडित शिवप्रसाद तिवारी के नेतृत्व में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के निवास पर पहुंचकर स्वस्ति वाचन के साथ उनको केसरिया अंग वस्त्र और रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ब्राह्मण समाज के वरिष्ठजनों के प्रतिनिधिमंडल की मांग पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन द्वारा ब्राह्मण समाज के लिए 70 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन एवं उसके लिए भूमि उपलब्ध कराई है। समाज द्वारा यह मांग काफी लंबे समय से की जा रही थी। विप्र बंधुओं ने विधायक जैन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपने जो कार्य किया है वह प्रभु की इच्छा से हुआ है और आपके इस निर्णय ने आपको इतिहास में दर्ज करा दिया है संपूर्ण ब्राह्मण समाज आपकी आभारी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित गोलू रिछारिया, रामचरण शास्त्री श्रीहरि, पप्पू तिवारी, बालमुकुंद शास्त्री, दुर्गेश शास्त्री, मोनू रिछारिया, रघु शास्त्री, शिवनारायण गोस्वामी, जयदीप शास्त्री, डा रामचरण शर्मा, डा देवेंद्र गुरु, गोलू तिवारी, दुर्गेश दुबे, रानू तिवारी, महेश दुबे, भगवत कृष्ण शास्त्री सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधु उपस्थित थे।

## उन्नत पशुपालन तकनीकी पर कराया प्रशिक्षण

**सागर।** कलेक्टर के मार्गदर्शन में महिलाओं को उन्नत पशुपालन तकनीकी पर प्रशिक्षण दिया जा रहे हैं जिससे वह कृषि के अलावा सागर जिले में पशुपालन, ग्रामीणों आमदनी का ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक मजबूत साधन बना सकें साथ ही इस कार्य को उत्तम और वैज्ञानिक तरीके से हमारे कृषक बंधु संपादित कर सके और उचित आमदनी प्राप्त कर सके।जैसीनगर विकासखंड के ग्राम हनौता सागर में समूह की महिलाओं को आज पशुपालन तकनीकी पर प्रशिक्षण दिया गया। मिशन की ओर से पशु चिकित्सक डॉ. रुद्रप्रताप चंदेल ने महिलाओं को बताया की पशु पालन में टीकाकरण कराना पशुओं का उत्तम पोषण मेंटेन करना ग्रीष्मकाल में साफ सुथरा पानी पिलाना पशुओं को छांव में रखना उन्हें लू-लपट से बचाना पशुओं का कृषि दर्शन कराया जाना अनिवार्य होता है। आमतौर पर ग्रीष्मकल में पशु खुले में किसी स्थान पर जो पानी एकत्रित रहता है उसे पी लेते हैं जो उनके पेट में परजीवियों को जन्म देता है इससे पशुओं की उत्पादन क्षमता और प्रजनन क्षमता पर सीधा प्रभाव पड़ता है समय-समय पर पशुओं का देसी तरीके से क्रामीण आसन कराया जाना चाहिए साफ सुथरा दूध कैसे पैदा करें छोटे बछड़ों की देखभाल कैसे करें आदि विषयों पर इन महिलाओं को आज आजीवीका मिशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया की समूह से जुड़ी महिलाओं को लगातार जो पशु पालन से जुड़ी हुई है और उनकी आमदनी में पशुपालन के माध्यम से आए एक महत्वपूर्ण योगदान रखती है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास योजना हेतु सर्वे 30 अप्रैल तक

**टीकमगढ़**। जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत स्थायी प्रतीक्षा सूची में पात्र परिवारों के नाम जोड़ने हेतु ₹आवास प्लस 2024 सर्वे₹ अंतिम चरण में है, जिसकी अंतिम तिथि 30 अप्रैल तय की गई है। हितग्राही स्वयं अपने मोबाइल से आधार नंबर और फेस ऑर्थेंटिकेशन के माध्यम से नाम दर्ज कर सकते हैं। पक्के मकानों, सरकारी कर्मचारी या आयकरदाता परिवारों को योजना से बाहर रखा जाएगा। ग्रामसभा की स्वीकृति अनिवार्य है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पारदर्शिता और समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

### मेले में युवाओं को मिलेगा भर्ती 26-29 तक

**टीकमगढ़**। जतारा और बल्देवगढ़ जनपदों में आयोजित रोजगार मेलों में एजिल सिक्योरिटी फोर्स, हैदराबाद द्वारा सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर के लिए भर्ती की जाएगी। 8वीं से 12वीं पास युवाओं के लिए सुनहरा मौका है, जिसमें गार्ड का वेतन 18,000 रुपये और सुपरवाइजर का 24,000 रुपये निर्धारित है। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण के बाद सीधा प्लेसमेंट दिया जाएगा। आवेदन के लिए शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व दो फोटो अनिवार्य हैं।

### देवारण्य योजना : जिले को मिलेगी 'एक औषधि एक पहचान'

**टीकमगढ़**। देवारण्य योजना अंतर्गत एक जिला एक औषधीय उत्पाद अभियान के तहत जिले में एलोवेरा को चिन्हित औषधीय पौधे के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी कड़ी में जतारा के आंवला हाईटेक नर्सरी में विभिन्न वन समितियों के अध्यक्षों एवं सदस्यों को एलोवेरा की वैज्ञानिक खेती, उत्पादन, प्रबंधन और विपणन पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार अहिरवार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर आयुष चिकित्सा प्रणाली को बढ़ावा देना, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना तथा औषधीय पौधों की सतत खेती को प्रोत्साहित करना है। प्रशिक्षण के दौरान वन रेंजर जतारा ने एलोवेरा की औषधीय महत्ता एवं उपयोग की विस्तृत जानकारी दी।एलोवेरा एक प्राकृतिक औषधीय पौधा है जिसका उपयोग त्वचा, पाचन और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में किया जाता है। इसकी खेती किसानों और महिला समूहों के लिए आय का बेहतर स्रोत बन सकती है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले की पहचान को एक औषधि उत्पाद से जोड़ने की दिशा में प्रभावी कदम है।कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच, वन विभाग अधिकारी, मास्टर ट्रेनर एवं समिति सदस्य मौजूद रहे।

### कलेक्टर व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**टीकमगढ़** । मनरेगा योजना के अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित फीडर चैनलों के साफ-सफाई व अतिक्रमण हटाने के कार्यों का निरीक्षण ग्राम पंचायत माडूमर और पठा में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान माडूमर में सुनारवाली नहर से पुलिया तक एवं पठा में जगत सागर से सुनार बंदिया तक हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई। ग्रामीणजनों से संवाद कर नहर मार्ग की साफ-सफाई एवं अतिक्रमण तत्काल हटवाने के निर्देश दिए गए।
जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि इन कार्यों से वर्षा के दौरान महेन्द्र सागर तालाब की जलभराव क्षमता बढ़ेगी और किसानों की भूमि का भू-जल स्तर सुधरेगा।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पठा तालाब से महेन्द्र सागर तक जल आपूर्ति मार्ग में मिट्टी भराव और अतिक्रमण से जल आवक बाधित हुई है। इसे प्राथमिकता से हटाया जाए। इसी क्रम में ग्राम माडूमर भाटा में 2.08 हेक्टेयर क्षेत्रफल से खुशीलाल पाल, भागी पाल, मनसुखा पाल, कोमल लोधी द्वारा किए गए अतिक्रमण और पठा भाटा में भगतराम, बृजकिशोर एवं भुवानी भोंडेले के कब्जे हटवाए गए।
इस कार्य से रोजगार-पलायन पर वार अभियान के अंतर्गत ग्रामवासियों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार उपलब्ध होगा, जिससे वे अपने गांव में ही रहकर परिवार के साथ कार्य कर सकेंगे।

# जल संरक्षण ही है जल संकट का स्थाई समाधानः सीएमओ भदौरिया

## कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों ने बनाई संदेशात्मक जल संरक्षण मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

हम हमेशा से सुनते आये हैं कि जल ही जीवन है। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन सिर्फ ₹जल है तो कल है₹ वाक्य कहने भर से कुछ नहीं होगा। उक्त संबोधन नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने स्कूली छात्र छात्राओं को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विस्तृत जानकारी देते हुये दिया।

**प्रकृति हितकारी कार्यक्रम में शामिल हुये 5 सौ छात्र छात्राएं :**
कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत पुष्पा हाईस्कूल में छात्र छात्राओं द्वारा जल संरक्षण विषय पर मानव श्रृंखला बनाई गई। जिसके माध्यम से छात्र छात्राओं ने जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता का संदेश दिया। इस प्रकृति हितकारी कार्यक्रम में लगभग 500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसके माध्यम से लोगो को जल संरक्षण के लिए जागरूक करते हुये उन्हें इस प्रकृति हितकारी अभियान का हिस्सा बनने के लिए उत्साहित किया गया।





**जल है तो कल है कहते हुये जल की बर्बादी करना, घातक :**
उक्त कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा सभी विद्यार्थियों को जल संरक्षण और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी छात्र छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ भदौरिया द्वारा छात्र छात्राओं को जानकारी देते हुये बताया गया की ₹जल है तो कल है" वाक्य के तहत जागरूकता फैलाने के बावजूद जल को बेवजह बर्बाद किया जा रहा है। जबकि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल संकट का स्थाई समाधान जल का संरक्षण करने से ही हो सकता है। जल संरक्षण के प्रति जागरूक न होकर हम अपने आने बाले कल को बिन पानी बना रहें हैं।

**जल है जीवन है कहने से नहीं बल्कि करने से होगा उद्धार :**
नगर पालिका सीएमओ भदौरिया ने छात्र छात्राओं को जलसंरक्षण का महत्व बताते हुये कहा कि ज़ब हम जल संरक्षण के चलते जलश्रोतो को जीवित रखेंगे तों इससे भूजल स्तर में सुधार होगा। साथ ही जल संरक्षण करते हुये ज़ब हम जल को बेवजह बहने से रोकेंगे और जलश्रोतो को संरक्षित करेंगे तो फिर जल का संकट कैसे हो सकता है। नपा सीएमओ भदौरिया ने कहा कि हम हमेशा से सुनते आये हैं कि ₹जल ही जीवन है"। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन उक्त कथन को सिर्फ सुनने व कहने भर से कुछ नहीं होगा बल्कि इस बाक्य को धरातल पर उतरकर साकार करना होगा। इस दौरान नपा सीएमओ भदौरिया द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को जल संरक्षण को लेकर एक वालंटियर के रूप में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया। कलेक्टर श्रोत्रिय के निर्देशन एबं नपा सीएमओ भदौरिया के मार्गदर्शन में आयोजित किये उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका टीकमगढ़ से सामुदायिक संगठक दीपिका शर्मा, आयुषी सोनी, पुष्पा स्कूल से फादर अगस्टाइन, सिस्टर अनु एम्न्यूअल, रजनी नानोटकर एवं अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

## प्रशासन हर मौके पर पहुंचता है लेकिन पहले क्यों नहीं जागता, चालीस दिन में दूसरी घटना आई सामने

# टीकमगढ़ फिर जला : ऑयल मिल में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर एक बार फिर लपटों की चपेट में आ गया। शुक्रवार सुबह करीब 6:15 बजे कोतवाली थाना क्षेत्र के ढोंगा रोड स्थित गणेश ऑयल मिल में अचानक भीषण आग लग गई। यह घटना डेढ़ महीने में दूसरी बार हुई है, जब खाद्य तेल के गोदाम में आग की चपेट में आने की घटना सामने आई है। इससे पहले होली के दिन भी ऐसी ही एक भयावह आगजनी की घटना हुई थी।



**50 टन तेल से भरे गोदाम में फैली आग, 7 दमकलों से पाया काबू**

तेल से भरे ड्रमों और टीनों के चलते आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही कलेक्टर विवेक श्रोतिय और एसपी मनोहर मंडलोई सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। गोदाम के भीतर आग पर काबू पाने के लिए प्रशासन को गोदाम की दीवारें तोड़नी पड़ीं। नगर पालिका सहित जिले की 7 दमकलों ने करीब 4 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**50 लाख का नुकसान, पर जनहानि नहीं**

यह राहत की बात तहसीलदार अरविंद यादव के अनुसार, गोदाम में लगभग 50 टन तेल का स्टॉक था। कई टीनों और ड्रमों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गोदाम के संचालक ऋषि साहू ने प्राथमिक रूप से करीब 50 लाख रुपये के नुकसान की बात कही है। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।




**लगातार घटनाओं ने खड़े किए सवालः कब होगा ठोस एक्शन?**

यह महज इत्तेफाक नहीं हो सकता कि टीकमगढ़ में कुछ ही समय में लगातार तेल मिलों में आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन हर बार अलर्ट जरूर होता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या शहर के भीतर इन ज्वलनशील तेल गोदामों का संचालन सुरक्षित है?क्या गोदामों की सुरक्षा मानकों की समय-समय पर जांच होती है? क्यों इन मीलों में अग्निशमन के पर्याप्त इंतज़ाम नहीं होते?प्रशासन को इन घटनाओं से सबक लेते हुए जिले की सभी तेल फैक्ट्रियों की व्यापक जांच करानी चाहिए। जहां भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी हो रही हो, वहां कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही एक दीर्घकालिक नीति बनानी होगी, जिससे ऐसे ज्वलनशील गोदाम शहर से बाहर शिफ्ट किए जा सकें।

**आगजनी की घटनाओं में बढ़ोतरी**

गर्मियों में यह घटना कोई नई बात नहीं है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों से टीकमगढ़ में आगजनी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। दो बार पहले भी हैंडलूम कपड़े के व्यापारियों के यहां आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें कुछ लोग भी अपनी जान गंवा चुके हैं। इसके बावजूद, प्रशासन को इस तरह की घटनाओं से कोई बड़ा सबक नहीं मिला है। अब समय आ गया है कि शहर में जितने भी गोदाम, कपड़ा मिल, प्लास्टिक उद्योग, या तेल मिल हैं, उन्हें शहर से बाहर चिन्हित कर शिफ्ट किया जाए। शहर में ऐसे गोदामों की मौजूदगी से नगरवासियों की जान का खतरा बढ़ता जा रहा है।

कभी तक दमकल और प्रशासन ही आग बुझाएंगे?

शहर में इन घटनाओं के बढ़ते द्रुत प्रभाव के बावजूद प्रशासन को कोई स्थायी समाधान नहीं मिल रहा है। प्रशासन को इस बारे में गंभीरता से सोचना होगा कि कब तक ऐसे ही आगजनी की घटनाओं से जूझते रहेंगे। एक स्थायी उपाय यही है कि इन उद्योगों और गोदामों को शहर से बाहर शिफ्ट किया जाए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# केन्द्रीय मंत्री ने बैठक आहूत कर की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

**टीकमगढ़**। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस बैठक में डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अंतिम पायदान तक के व्यक्तियों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने, इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहित से जुड़े विषयों के प्रति संवेदनशील होने का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी रूप से आमजन तक पहुंचाने के दिशा-निर्देश दिए।



बैठक में विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, सदस्य सुनील शर्मा, टीकमगढ़ विधायक प्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे और अपर कलेक्टर पीएस चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### शिक्षकों के साथ दोहरी नीतिः वेतन पर असमानता पर हंगामा

**टीकमगढ़**। जिले में शिक्षकों के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार का मामला सामने आया है। जिले के नवीन संवर्ग के शिक्षकों को शासन द्वारा निर्धारित वेतनमान के अनुसार भुगतान में असमानता देखी जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टीकमगढ़ जिले के बल्देवगढ़ विकास खंड में शिक्षकों को 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान किया जा रहा है, जबकि टीकमगढ़ विकास खंड में शिक्षकों को महीनों बाद भी 90 प्रतिशत वेतन मिल रहा है। शिक्षकों के बीच इस दोहरी नीति को लेकर आक्रोश फैल गया है। नव नियुक्त शिक्षकों ने इस असमानता के खिलाफ जिला अध्यक्ष पीएमयूएम शिक्षक संघ से संगठनात्मक प्रयास करने की अपील की। इसके बाद, जिला अध्यक्ष सतीश खरे ने विकास खंड शिक्षा अधिकारी टीकमगढ़ से मुलाकात कर 100 प्रतिशत वेतन और शेष एरियर का भुगतान शीघ्र कराने की मांग की। सतीश खरे ने चेतावनी दी कि यदि इस माह के अंत तक 100 प्रतिशत वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है, तो विकास खंड शिक्षा अधिकारी का घेराव कर धरना प्रदर्शन और आंदोलन किया जाएगा।

## ग्राम करमासन में पुलिस अधीक्षक ने आमजन से किया जनसंवाद, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

थाना बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम करमासन हटा में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई ने आमजन, पत्रकारों, छात्राओं और जनप्रतिनिधियों के साथ जनसंवाद कर समाज हित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वृक्षारोपण कर नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

जनसंवाद कार्यक्रम में जिला विधिक अधिकारी अनुज चंसोरिया, जिला अग्रणी बैंक अधिकारी कैलाश नारायण आर्य, उप पुलिस अधीक्षक अजाक दिलीप पांडे, थाना प्रभारी बलदेवगढ़ रवि गुप्ता, सरपंच नन्दलाल लोधी, स्वावलंबन समिति के सदस्य, ग्रामवासी, छात्राएं, महिलाएं, पुलिसकर्मी व पत्रकार उपस्थित रहे।




महिला सुरक्षा और साइबर अपराध पर फोकसपुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वतंत्रता को प्राथमिकता देना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं और युवतियों से "महिला जागरूकता अभियान" से जुड़ने की अपील की। साथ ही साइबर अपराधों की जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार से सतर्कता रखकर खुद को इनसे बचाया जा सकता है।

नशा मुक्ति और युवा मार्गदर्शनउन्होंने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि माताओं और बहनों की भूमिका इसमें अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं द्वारा करियर से संबंधित सवाल पूछे गए, जिनका पुलिस अधीक्षक ने सरल भाषा में मार्गदर्शन किया।

पर्यावरण संरक्षण हेतु संदेशकार्यक्रम के अंत में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर नागरिक को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करनी चाहिए।

# गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता का महत्वपूर्ण कदम

## बड़ागांव : प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रुचि साहू के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत बड़ागांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ेरा, अस्तौन और मबई में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच और उपचार किया गया।

इस विशेष अभियान के दौरान, सभी गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें हीमोग्लोबिन स्तर, ब्लड प्रेशर, वजन और अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षणों के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड और चिकित्सकीय परामर्श भी शामिल था। इसके अलावा, महिलाओं को उचित पोषण और खानपान के बारे में मार्गदर्शन भी दिया गया। आयरन, कैल्शियम और अन्य आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया गया।



**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पोषणयुक्त स्वल्पाहार**

गर्भवती महिलाओं को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पोषणयुक्त स्वल्पाहार भी प्रदान किया गया, ताकि उन्हें गर्भावस्था के दौरान आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

**जागरूकता और नियमित जांच का महत्व**

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रुचि साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना है, ताकि गर्भावस्था के दौरान संभावित जटिलताओं से बचाव किया जा सके। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच कराने, संतुलित आहार लेने और चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने की सलाह दी।

**स्वास्थ्य शिविर की सफलता**

स्वास्थ्य शिविर में शामिल गर्भवती महिलाओं ने निःशुल्क जांच और उपचार मिलने पर संतोष व्यक्त किया। महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के अभियान गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा और जागरूकता बढ़ाने में बेहद सहायक होते हैं।

**आगे का मार्गदर्शन**

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हर माह की 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा, ताकि समय पर आवश्यक जांच और उपचार प्रदान कर गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं से बचाव किया जा सके।

**टीम का योगदान**

इस अभियान में बड़ागांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ेरा, अस्तोंन और मबई के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य कर्मियों ने गर्भवती महिलाओं की देखभाल और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी ने मिलकर महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सराहनीय कार्य किया।

### अनुकरणीय सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए प्रधान आरक्षक पटोदिया विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित



**टीकमगढ़**। पुलिस विभाग में अपनी अनुकरणीय सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए टीकमगढ़ पुलिस में पदस्थ प्रधान आरक्षक प्रमोद पटोदिया को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने पटोदिया के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ और ईमानदार अधिकारियों की सेवाएँ न केवल विभाग के लिए गौरव की बात हैं, बल्कि ये अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा स्रोत भी हैं। उन्होंने सभी कर्मियों से आग्रह किया कि वे प्रमोद पटोदिया से सीख लें और इसी तरह कर्तव्यपरायणता से अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## पहलगाम में आतंकी हमले का श्योपुर में चौतरफा दिख रहा आक्रोश

# हिंदू संगठनों ने फूंका पाकिस्तान का पुतला, मस्जिदों में गूंजा आतंक मुर्दाबाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के खिलाफ श्योपुर में चौतरफा आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। इसआंतकी घटना के विरोध में लोग सडक पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे है और राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर भारत सरकार से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे है। इस मामले को लेकर शुक्रवार को जहां मुस्लिम समाज के लोगो ने मस्जिदों में विरोध प्रदर्शन किया और कई मस्जिदों में काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं शाम को हिंदूवादी संगठनों ने जय स्तंभ पर एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला फूंका और भारत सरकार से इस मामले में जल्द ही सख्त कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया।

शुक्रवार को प्रदेश की सभी जामा मस्जिदों में खुतबा से पहले 5 मिनट के लिए तकरीर (प्रवचन) करने की अपील वक्फ़ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने की थी जिसमें आतंकवादी घटना के खिलाफ बयान करने को कहा गया था। इस क्रम में जुमा की नमाज़ के पहले अधिकतर मस्जिदों में वहां के इमाम (नमाज़ पढ़ाने वाला) या उलमा ए दीन (धार्मिक विद्वान) ने तकरीर की जिसमें अधिकतर तकरीर के दौरान कुरान में लिखी उस आयत का जिक्र किया जिसमें एक इंसान का कत्ल पूरी इंसानियत के कत्ल के बराबर बताया गया है। नमाज के बाद आतंकवाद के खिलाफ विरोध करते हुए मुस्लिम समाज के लोगों ने काली पट्टियां बांधकर पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। ज्ञात हो कि शुक्रवार की सुबह ही मध्य प्रदेश वक्फ़ कमेटी के अध्यक्ष डॉ सनवर पटेल ने भोपाल से संदेश जारी किया था की मस्जिदों में आतंकवादी के खिलाफ प्रदर्शन किया जाए और मुस्लिम समाज को तकरीर के माध्यम से आतंक का विरोध करने की अपील की जाए। इसी क्रम में वक्फ़ बोर्ड से जुड़ी सभी मस्जिदों में तो इस तरह के विरोध प्रदर्शन किए ही गए साथ ही उन मस्जिदों में भी इस तरह के विरोध प्रदर्शन देखने का मिले जहां जो मस्जिदें वक्फ़ बोर्ड में इंद्राज नहीं हैं।



**राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन**

गुरुवार की शाम जमीयतुल उलमा ए हिंद के बैनरतले मुस्लिम समाज ने पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के खिलाफ कैंडल मार्च निकालते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा। शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी के नेतृत्व में सोफे गए ज्ञापन में पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना की निंदा करते हुए इस घटना को अंजाम देने के लिए पूरी तरह पाकिस्तान का दोषी ठहराते हुए उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए सेना को फ्री हैंड देने की मांग की गई। इस दौरान अंजुमन सदर शब्बीर नागौरी, वक्फ़ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरेशी, जमीयत उलमा ए दीन के जिला अध्यक्ष हाफिज आदिल कुरेशी, मुफ्ती शाह हुसैन, मौलाना जावेद सहित गई धार्मिक उलमा मौजूद रहे।



**हिंदूवादी संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन,फूंका पाकिस्तान का पुतला**

विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल की अगुवाई में विभिन्न हिंदूवादी संगठनों से जुडे पदाधिकारी व कार्यकर्ता शुक्रवार की शाम को जय स्तंभ चौक पर जुटे,जहां उन्होने इस आतंकी हमले को कायरना हरकत बताते हुए इसकी घोर निंदा की और इस हमले में जान गंवाने वाले लोगो के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित भी की। इस दौरान नारेबाजी करते हुए पाकिस्ताव का पुतला भी जलाया गया। इस दौरान हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने कहा कि यह आतंकी हमला पाकिस्तान की कायराना हरकत है। जिसका भारत सरकार जल्द ही पाकिस्तान को ऐसा मुंह तोड जबाव दे कि फिर ऐसी कोई कायराना हरकत दोबारा भारत में न हो सके।

## तीन साल पुराने मामले में श्योपुर न्यायालय ने सुनाई सजा, 5 हजार का जुर्माना भी लगाया

# साढ़े 15 किलो डोडा-चूरा के साथ पकड़े आरोपी को 3 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

तीन साल पहले बडौदा थाना पुलिस के द्वारा 15 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा के साथ दबोचे गए आरोपी को श्योपुर के विशेष न्यायालय ने 3 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए 5 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र जाधव एड ने की।

जानकारी के मुताबिक आरोपी रेशम सिंह पुत्र जनरेल सिंह निवासी फतेहपुर थाना देहात को बडौदा थाना पुलिस ने 14 अप्रैल 2022 को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर भसुंदर तिराहा तकिया पीर से तब दबोचा,जब अवैध रूप से डोडा चूरा लेकर उसे खफाने के लिए जा रहा था। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से बडौदा थाना पुलिस ने 15 किलो 500 ग्राम डोडा चूरा जब्त किया गया।

आरोपी के खिलाफ बडौदा थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद विवेचना उपरांत चालान श्योपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने इस मामले की विवेचना के दौरान आरोपी रेशम सिंह को दोषी मानते हुए तीन साल के सश्रम कारावास की सजा सुना दी,साथही 5 हजार रूपए का जुर्माना भी लगा दिया है।




## मिशन ''नीव'' अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण आयोजित

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बाल मृत्यु दर में गिरावट लाने करेंगी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बाल मृत्यु दर में गिरावट लाने अथवा उसे रोकने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी इस संबंध में कार्य कर्ताओं को "नींव" कार्यक्रम आधारित बाल्यावस्था से जुड़ी बीमारियों को जानने समझने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को जिले में रॉकेट लर्निंग संगठन द्वारा "मिशन नीव" के अंतर्गत विजयपुर व अगरा सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखवाल के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का नेतृत्व जिला समन्वयक योगेन्द्र यादव और स्वयंसेवक विप्लव शर्मा ने करते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को समझाया कि कैसे खेल के माध्यम से बच्चों की सीखने की क्षमता, रचनात्मकता, सामाजिकता और भावनात्मक विकास को किस प्रकार मजबूती मिलती है। "सीखना सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि खेल के ज़रिए बच्चे अधिक प्रभावी और आनंदमय ढंग से सीखते हैं।" प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखवाल के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण बाल एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मील का पत्थर साबित होगा। प्रशिक्षण सत्र में बाल विकास परियोजना विभाग की पर्यवेक्षक रमा माहौर, प्रेमलता नामदेव, कीर्ति रावत की भी उपस्थिति रही, जिन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित किया एवं केन्दों में बच्चों के साथ खेल आधारित गतिविधियों का आयोजन करने के लिये कहा।




# श्योपुर जिले में औषधि के रूप में वनोपज बहुतायत में है: डॉ वर्मा



**श्योपुर।** श्योपुर जिले में औषधि के रूप में वनोपज बहुतायत में है। इसकी पहचान और गुणों की सही जानकारी नहीं होने के कारण वनवासी इसे ओने पौने दामों पर बिचौलियों के हाथों बेच देते हैं। यह बात जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने "एक जिला एक औषधि" कार्यक्रम के तहत किसानो, संग्राहकों एवं एफपीओ के सदस्यों को प्रशिक्षण देते हुए कही। मध्य प्रदेश राज्य औषधि पादप बोर्ड, आयुष विभाग, एवं कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर 24 अप्रैल को स्वयं सहायता समूहो व 25 अप्रेल को किसानो,संग्राहकों एवं एफपीओ के सदस्यों की श्योपुर जिले के सभी 03 ब्लॉक श्योपुर, कराहल, विजयपुर में देवारण्य योजना के अंतर्गत "एक जिला एक औषधि" उत्पाद आंवले के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्व सहायता समूहो जिले के कृषकों, संग्राहकों, एफपीओ के सदस्यों को औषधिय उत्पाद आंवले की कृषि, संग्रहण, भण्डारण, प्राथमिक प्रसंस्करण, विपणन, उपयोग, विभिन्न रोग एवं रोगनाश हेतु आवश्यक खाद, आंवले से बनाये जाने वाले विभिन्न उत्पाद,विषयों पर मास्टर ट्रेनरो श्योपुर में डॉ सुग्रीव मीणा, डॉ रघुवीर मीणा, कराहल में मास्टर ट्रेनर डॉ हेमराज नागर, डॉ अबरार खान, विजयपुर में मास्टर ट्रेनर डॉ अनूप सोनी, डॉ दीपक बॉथम व एनआरएलएम एवं उद्यानिकी विभाग के ब्लाक स्तरीय अधिकारियों द्वारा आवला की खेती के लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आयुष पद्धति को प्रोत्साहित करना, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना और औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देना है । डॉ. जीपी वर्मा ने बताया कि "आवला" एक प्राकृतिक औषधीय पौधा है, जिसका उपयोग , रक्तपित्त, प्रमेह अजीर्ण , नेत्र रोग,त्वचा, वयस्थापन जैसे रोगों में लाभकारी माना जाता है। इसकी खेती किसानों और समूहों के लिए आर्थिक रूप से भी लाभकारी हो सकती है।

# सेसईपुरा के जंगल में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकी मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

सेसईपुरा थाना क्षेत्र के जंगल में मौजूद एक पेड पर फांसी के फंदे एक युवक की लाश लटकी मिली है। सूचना पर पुलिस पहुंची।

ऐसा अंदेशा है कि यह लाश करीब दो तीन दिन से लटकी हुई है। मगर फांसी पर लटके मिले युवक की पहचान नहीं हो सकी है और न ही उसके फांसी लगाए जाने के कारणों का पता चल सका है। पुलिस ने लाश को अपने कब्जे लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दरअसल शुक्रवार की सुबह सेसईपुरा थाना पुलिस को चौकीदार के जरिए सूचना मिली कि थाने से करीब दो किलोमीटर दूर मचानी के जंगल में एक पेड से युवक की लाश लटकी है। मृतक ने अपनी शर्ट को खोलकर उससे ही फांसी लगाई है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मौका मुआयना करने के बाद लाश को पेड से नीचे उतारा। लाश से दुर्गंध होना शुरू हो गई है,इसलिए अंदेशा है कि यह लाश करीब दो तीन दिन पुरानी है।

थाना प्रभारी सेसईपुरा अनुराधा सिंह का कहना है कि मृतक अभी अज्ञात है,उसकी शिनाख्त की जा रही है। शिनाख्ति के बाद उसकी मौत के कारणों की जांच करेगे।

## ग्राम जैदा की 5 बीघा भूमि शासकीय दर्ज करने का आदेश पारित

**श्योपुर।** न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा अनावेदक ब्रम्हानंद मीणा निवासी जैदा के नाम ग्राम जैदा की भूमि सर्वे क्रमांक 31/14 रकबा 1.045 हेक्टयर लगभग 5 बीघा भूमि पर अनावेदक के नाम की अवैध प्रविष्टि पाये जाने एवं अनावेदक के भूमिहीन श्रेणी में नही होने से नाम विलोपित कर भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। न्यायालय अपर कलेक्टर अतेन्द्र सिंह गुर्जर द्वारा पारित आदेश के अनुसार ग्राम जैदा की प्रश्नाधीन भूमि सर्वे क्रमांक 31/14 पर तहसीलदार श्योपुर के प्रकरण क्रमांक 27/93-94/ए-19 से अनावेदक का व्यवस्थापन स्वीकार हुआ। ततसंबंध में आवेदक द्वारा न्यायालय तहसीलदार श्योपुर की शीर्ष ए-19 वर्ष 1993-94 की प्रमाणित छायाप्रति प्रस्तुत की गई, जिसमें क्रमांक 26 पर बाबू पुत्र भैरू माली एवं क्रमांक 27 पर ब्रम्हानंद पुत्र मोहन मीणा के नाम सर्वे क्रमांक 31 में से 5-5 बीघा पर व्यवस्थापन की प्रविष्टि दर्ज है, किन्तु इस दायरा पंजी के क्रमांक 26 एवं 27 पर ग्राम जैदा का प्रकरण दर्ज न होकर अन्य ग्राम का प्रकरण दर्ज है। इसके अतिरिक्त अनावेदक द्वारा लिखित बहस के साथ प्रस्तुत ग्राम जैदा की भूमि सर्वे क्रमांक 31/14 के खसरा पंचशाला संवत 2046-2050 की प्रमाणित प्रति को अवलोकन एवं परीक्षण से पाया गया है कि उक्त खसरा में पर्ची चिपका कर ग्राम जैदा की भूमि सर्वे क्रमांक 31 मिन रकबा 1.045 हेक्टयर पर तहसीलदार प्रकरण क्रमांक 26/93-94/ए-19 आदेश दिनांक 6.1.1994 में से ब्रम्हानंद पुत्र मोहन मीणा निवासी ग्राम को भूमि स्वामी पर व्यवस्थापन स्वीकृत अंकित है, जबकि दायरा पंजी अनुसार प्रकरण क्रमांक 26 दिनांक 2 मार्च 1994 को दर्ज किया है, ऐसी स्थिति में प्रकरण दर्ज होने के दिनांक 2 मार्च 1994 से पूर्व आदेश दिनांक 6 जनवरी 1994 में से अनावेदक के नाम व्यवस्थापन स्वीकार किये जाने का आदेश पूर्णतः संदेहास्पर्ध है, प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर यह स्पष्ट होता है कि खसरा संवत 2046-50 में पर्ची लगाकर प्रकरण क्रमांक 26/ए-19/93-94 आदेश दिनांक 6 जनवरी 1994 में से अनावेदक के नाम व्यवस्थापन स्वीकार अंकित किया गया, जबकि अनावेदक द्वारा प्रस्तुत दायरा पंजी की प्रति में क्रमांक 26 पर न तो ग्राम जैदा का प्रकरण दर्ज है, न क्रमांक 27 पर। अतः अनावेदक ब्रम्हानंद पुत्र मोहन मीणा के नाम ग्राम जैदा की भूमि सर्वे क्रमांक 31/14 रकबा 1.045 हेक्टयर पर अनावेदक के नाम की प्रविष्टि अवैध पाये जाने तथा अनावेदक भूमिहीन श्रेणी में नही होने से नाम विलोपित कर भूमि शासकीय दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है।

# सरकारी जमीन से मिट्टी का उत्खनन रोकने पहुंचे पटवारी को धमकाया, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के गांव अलापुरा में नामजद आरोपी ने सरकारी जमीन से मिट्टी का न सिर्फ उत्खनन किया,बल्कि रोकने पहुंचे पटवारी को गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दे दी। इस मामले में बडौदा थाना पुलिस ने पटवारी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

बडौदा टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि अलापुरा हल्का पटवारी देवेन्द्र पालीवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ग्राम अलापुरा निवासी पहलवान पुत्र चौथमल बैरवा के द्वारा शासकीय भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन किया जा रहा था,जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचकर उसे रोका गया, इस दौरान आरोपी के द्वारा शासकीय कार्य में व्यवधान डालते हुए गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दे डाली। पटवारी की रिपोर्ट पर आरोपी पहलवान बैरवा के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# सड़क पर कर रहा था कब्जा, नगर पालिका की टीम ने तोड़कर हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर के वार्ड क्रमांक 20 में मछली मार्केट में सड़क का निर्माण होते ही अतिक्रमणकारियों ने दोबारा से सड़क पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया। शिकायत मिलने पर नगर पालिका की टीम ने शुक्रवार को मौके पर पहुंच कर सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को तोड़कर हटाया और दुकानदारों को हद में रहने की चेतावनी दी।

दरअसल नगर पालिका सीएमओ आरआर यादव को किसी ने फोन पर सूचना दी थी कि पुल दरवाजा के पास मछली मार्केट में गुरुवार को जो सड़क निर्माण हुई है, उस सड़क के ऊपर ही कोई दुकानदार पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर रहा है। सीएमओ के निर्देश पर मौके पर पहुंचे स्वच्छता निरीक्षक शिशुपाल सिंह तोमर को मौके पर ही अतिक्रमण कारी सड़क के ऊपर पक्का निर्माण करता मिला। दरअसल जमातखाना परिसर में बनी दुकानों और सड़क के बीच नाला बना हुआ है। नाला पार कर दुकान तक पहुंचने के लिए दुकानदारों ने लोहे के अस्थाई जाल डाले हुए हैं लेकिन उक्त अतिक्रमण कारी ने नाला पर पक्का निर्माण करने के साथ-साथ सड़क के ऊपर तक सीढ़ियां बना रहा था। मुंहवाद के बाद स्वच्छता निरीक्षक शिशुपाल सिंह तोमर ने किए निर्माण को तोड़कर हटा दिया और अतिक्रमण कारी को सख्त लहज़े में चेतावनी दी कि अगर दोबारा से सड़क पर अतिक्रमण किया तो चलानी कारवाई ओर पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।



## पीएम आवास योजना 2.0 में हुए बदलावों से बेईमान पार्षद दुखी ईमानदार खुश

# पीएम आवास योजना: अब पार्षदों की सिफारिश के लिए नहीं रोका जाएगा हितग्राही का पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

अब पीएम आवास योजना का लाभ किसी हितग्राही को पार्षदों अथवा किसी नेता के सिफारिश पर नहीं बल्कि पात्र दस्तावेजों के आधार पर मिलेगा। योजना में भ्रष्टाचार रोकने और पारदर्शिता अपनाने के उद्देश्य से भारत सरकार ने पीएम आवास योजना 2.0 के नए चरण में व्यापक बदलाव किए हैं जिनके मुख्य बदलाव तो योजना को ऑनलाइन करना है, ऑनलाइन चयनित हो चुके हितग्राहियों के बैंक खाते में पैसे डालने के लिए जांच के नाम पर सीएमओ पार्षदों की टीप लगवाने की सिफारिश नहीं कर सकते हैं। बेवजह उसे अटकाए नहीं रखा जाएगा शासन के इस निर्णय से जहां ईमानदार पार्षद खुश है वहीं ऐसे पार्षद जो पीएम आवास योजना को अपना धंधा मान बैठे थे दुखी हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि भारत सरकार ने यह निर्णय बार-बार होने वाली शिकायतों से तंग आकर लिया है। ज्ञात हो कि श्योपुर नगर पालिका में पीएम आवास योजना में रुपए मांगने के आरोप में एक पार्षद की कोतवाली थाने के सामने ही महिलाओं ने चप्पल जूतियों से पिटाई लगा दी थी। इसके अलावा कई पार्षदों पर रिश्वत लेकर पीएम आवास दिलाने के आरोप बार बार लगते रहे हैं। कुछ अधिकारी कर्मचारियों पर भी आवास योजना में रुपए मांगने के आरोप गाहे बगाहे लगते रहे हैं। पार्षद पीएम आवास योजना में कितना दबाव बनाते हैं इसकी बानगी आज भी नगर पालिका की कार्यालय की दीवारों पर देखने को मिल जाएगी। जहां सूचना चस्पा की गई थी जिसमें स्पष्ट लिखा गया है कि पीएम आवास योजना की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में पार्षद द्वारा अनुशंसा करने के बाद ही डाली जाएगी। यानी हितग्राही योजना के लिए पात्र हो या अपात्र इससे नगर पालिका परिषद को कोई लेना देना नहीं उसे तो सिर्फ पार्षद कि रजामंदी से सरोकार है।



**पिता ने लिया लाभ तो बेटों को करना पड़ेगा 20 साल का इंतजार**

पीएम आवास योजना के पहले चरण में माता-पिता के अलावा बेटे भी इस योजना का लाभ उठा सकते थे, लेकिन अब सरकार ने इस प्रावधान को हटा दिया है. नई नीति के तहत यदि किसी व्यक्ति ने इस योजना के तहत घर प्राप्त किया है, तो अगले 20 वर्षों तक उसके बच्चों को यह लाभ नहीं मिलेगा. यदि माता-पिता नहीं हैं, तो उनकी संपत्ति के कानूनी उत्तराधिकारी (बेटे) को यह लाभ नहीं मिलेगा। अगर कोई परिवार पहले से योजना का लाभ ले चुका है और दोबारा आवेदन करता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना......**

पीएम आवास योजना में बदलाव हुए हैं अब सभी आवेदन ऑनलाइन शिकार किया जा रहे हैं हितग्राहियों को खुद आवेदन ऑनलाइन करने हैं। हमने कर्मचारियों को निर्देशित कर दिया है कि नए नियमों के तहत आवास योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक दिलवाए

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

नई आवास योजना में आवेदन ऑनलाइन हो रहे हैं हर दस्तावेज ऑनलाइन किया जाना जरूरी है जो भी दस्तावेज गलत होगा उसे पोर्टल स्वीकार नहीं करेगा। इसलिए पात्र हितग्राही का आवेदन स्वीकृत होगा। इस योजना में बदलाव से पार्षद राहत महसूस कर रहे हैं। पहले हर वार्डवासी पात्र हो या अपात्र पार्षद पर आवास दिलाने का दबाव बनाता था।

**खालिद फारूकी**
**पार्षद वार्ड नं 22**

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष ने प्रभारी मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# शहर श्योपुर की सुधरे यातायात व्यवस्था बायपास पर विधिवत हो ऑटो का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

श्योपुर के एक दिवसीय दौरे पर आए प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला को भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने ज्ञापन सौंपकर शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारे जाने और बायपास रोड पर विधिवत रूप से ऑटो का संचालन शुरू करवाए जाने के लिए जरूरी कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया है।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष संजय मंगल ने प्रभारीमंत्री को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि बायपास रोड शहर का इकलौता लाडली लक्ष्मी पथ है और इस मार्ग पर शहर का सबसे बडा पार्क मौजूद होने के साथ साथ कई शैक्षणिक संस्थाएं तथा बालिका छात्रावास भी मौजूद है। लेकिन इसके बाद भी बायपास मार्ग पर ऑटो का संचालन नहीं किया जा रहा है। हालांकि इस संबंध प्रशासन की ओर से योजना भी बनाई गई है,लेकिन वह योजना अभी तक धरातल पर उतर सकी है। जिसकारण बायपास मार्ग से गुजरने वाले सैकडो स्कूली छात्र छात्राओ के साथ साथ इस क्षेत्र में रहने वाले लोग भी खासे परेशान हो रहे है। इसलिए बायपास रोड पर विधिवत ई रिक्शा तथा ऑटो का संचालन शुरू करवाया जाए। इसके साथही ज्ञापन में शहर में निर्मित होने वाली जाम की स्थिति से निजात दिलवाए जाने के लिए पुराने जिला अस्पताल परिसर और मेला ग्राउंड के पास खाली पडी जगहों पर पेड पार्किंग बनाए जाने, सलापुरा नहर पर बनी रोड को सीधे बायपास रोड से जोडने सहित अन्य कई जरूरी कदम उठाए जाने का अनुरोध किया गया है।



## खबर संक्षेप



### कूनो से माधव टाइगर रिजर्व की ओर बढ़े तीन चीते

**शिवपुरी।** जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के पिपरघार गांव में माधव टाइगर रिजर्व की और प्रस्थान कर रहे तीन चीतों को ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में प्रस्थान करते हुए कैद कर लिया। यह तीनों चीते कूनो नेशनल पार्क से माधव टाइगर रिजर्व की ओर बढ़ते देखे गए हैं। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि कहीं चीतों में टकराव की स्थिति न बन जाए। तीनों चीते कूनो की सीमा पार कर माधव नेशनल पार्क की तरफ जा रहे हैं। माधव पार्क को हाल ही में टाइगर रिजर्व घोषित किया गया है। वर्तमान में यहां सात बाघ हैं, जिस क्षेत्र से चीतों के प्रवेश की संभावना है, वहां दो बाघ सक्रिय हैं। इससे चीतों और बाघों के बीच टकराव की आशंका है। हालांकि कूनो नेशनल पार्क प्रबंधन के अनुसार चीतों की लगातार ट्रैकिंग की जा रही है। टीम उनकी हर गतिविधि पर नजर रख रही है।

### ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर, पति की मौत

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अंतर्गत पटेल पार्क टीवी टॉवर के पीछे निवासरत बालकिशन सिलावट पत्नी को बाइक से साले के स्वास्थ्य की जानकारी लेने बहेरिया अस्पताल गए थे। जहां से वापस आते समय ईसागढ़ सड़क मार्ग पर सारसखेड़ी चौकी के समीप पेट्रोल पंप के पास ट्रेक्टर चालक ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे पति और पत्नी घायल हो गए थे। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था जहां पति बालकिशन की मौत हो गई।

### दो मिनट का मौन रखा गया, दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग

# पहलगाम में हुई घटना की घोर निंदा मृतकों को अर्पित की गई श्रद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतकवादियों द्वारा की गई घटना के विरोध में लगातार लोगों में आक्रोश जारी है। इस घटना को पाकिस्तान को कड़ा जबाव देने के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

### डीएसओ ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर वीभत्स आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए । नेहरू पीजी कॉलेज इकाई द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम स्थानीय नेहरू महाविद्यालय में रखा गया। जिसमें छात्रों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी और उनकी याद में 2 मिनिट मौन रखा गया। कॉलेज इकाई सचिव विश्ववीर भंडारी ने संगठन की ओर से संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा की घटना में 28 पर्यटकों की नृशंस हत्या और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं यह बहुत ही पीड़ादायक है और इस घटना से आज पूरा देश शोक में डूबा हुआ है।

इस दौरान कहा गया कि सरकार कि तमाम जांच एजेंसियां और इंटेलीजेंस ब्यूरो जो सुरक्षा कि दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण हैं और जिनपर राजनीति करते हुए सरकारें दंभ भरती हैं यह घटना सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। केंद्र सरकार के द्वारा जम्मू-कश्मीर में भारी सैन्य जमावड़े व सुरक्षा दावों के बावजूद आज सरकार आम जनता को सुरक्षा देने में असफल है देश में लगातार नफरत और कट्टरता के माहौल को पनपाया जा रहा है इस घटना पर राजनीति करते हुए इसे धर्म विशेष के खिलाफ लोगों को उकसाया जा रहा है यह पूर्णतः अनुचित है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी का कोई धर्म नहीं होता, कोई देश नहीं होता कोई जाति नहीं होती। आतंकवादी, आतंकवादी होता है उसे सजा मिलनी चाहिए। हम सभी देशवासियों को इस घटना के विरोध में एकजुट होना चाहिए। हमले में शिकार परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### कांग्रेस कमेटी ने शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि की अर्पित

जम्मू कश्मीर के पहलगांव आतंकी हमले में शहीद हुए नागरिकों को जिला कांग्रेस कमेटी की और से श्रद्धांजलि स्थानीय गांधी पार्क पर केंडल जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अशोकनगर के विधायक हरिबाबू राय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्णपाल यादव गिरीश जैन, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शर्मा, बरिष्ठ कोंग्रेसी ज्ञान सिंह राजपूत,युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल रघुबंशी, बली सिंह, ड्रा गुर्जबार, मोतीलाल सुनरिया, सुधीर शर्मा, राजकुमार लोधी, जीतेन्द्र त्यागी, डीके बैरागी, अमन महाराज, मनोज कुशवाह अकील खान, महेन्द्र ओझा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सुराना, पार्षद किरण कुशवाह समस्त कांग्रसी उपस्थित रहें।

### अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी ने भी ज्ञापन सौंपा

जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में एक ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया कार्यक्रम में अशोकनगर विधायक हरी बाबू राय, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाह, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष कृष्ण पाल यादव, अशोक नगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सचिन शमार्, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला अध्यक्ष जाकिर खान जमींदार, मुंगावली नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष जलील खान जमीदार,एनएसयूआई प्रदेश महासचिव शादाब खान, अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष नासिर खान डब्बू, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष जावेद पटेल, नसीर खान, भूरा खान, डब्बू खान, नाजिम खान भुगाबली, अकील खान, जहीर पटेल, मो. ईशान समस्त कांग्रेसी साथी उपस्थित रहे।

## एनएसयूआई ने खेल सामग्री और मूट कोट में घोटाले का आरोप लगाया



**अशोकनगर।** एनएसयूआई ने पत्रकार वार्ता में बताया कि विधि महाविद्यालय में घोटाले का आरोप लगाया है जिसमें खेल सामग्री की खरीद और मूट-कोट के निर्माण पर 7.83 लाख के घोटाले का आरोप लगाया गया है और इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपकर भी कार्यवाही की मांग की गई है। पत्रकार वार्ता में विधायक हरिवावू राय एनएसयूआई के पूर्व जिला अध्यक्ष अभिजीत रघुवंशी और सचिन त्यागी शामिल थे इस दौरान बताया गया कि खेल सामग्री की जो खरीद की गई है उसमें 2.95 लाख रूपये खर्च किए गये। क्रय समिति के हस्ताक्षर दस्तावेजों पर नहीं है जो अनियमित्ता को दर्शाती है एक फर्म ने क्रिकेट बेट का रेट 9400 रूपये दिया है जबकि दूसरी फर्म से 11200 रूपये में खरीदा गया इस संबंध में बिना समिति के स्वीकृती के यह कार्य किया गया । विधि विद्यालय में मूट-कोट के निर्माण में 4.88 लाख रूपये की लागत आना बताई गई है एनएसयूआई का आरोप है कि काम पूरा होने से पहले ही भुगतान कर दिया गया इसके निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। एनएसयूआई ने बताया कि कॉलेज प्रबंधन ने उच्च शिक्षा विभाग से अनुमति लिए बिना 62240 रूपये का आयोजन का खर्चा दिखाया इसके अलावा एक ही फर्म ने बिना पंजीयन के कईं कार्यों की निवेदाएं भरी और सभी निवेदाएं एक जैसी हस्तलिपि में भरी गईं, जिससे फर्जीवाड़ा और मिली भगत स्पष्ट नजर आ रही है जिसे लेकर उन्होंने प्रार्चाय मनोज ठाकुर और प्रभारी गरिमा राठौर पर आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग है तथा जांच की मांग की गई है।

### भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लगवाए सकोरे



**अशोकनगर।** पंजाबी महिला विकास समिति ने भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए जगह-जगह सकोरे लगवाएं। समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोड़ा ने बताया कि इंसान हो या पक्षी भूख प्यास तो सभी को लगती है हम इंसान अपने खाने पीने के लिए इंतजाम कर लेते हैं पर बहुत से बेजुबान पक्षी गर्मी में बिना खाने और पानी के अपना दम तोड़ देते हैं इसी स्थिति को जानते हुए पंजाबी समिति ने जगह-जगह सकोरे बांटे और लगवाएं। इस नेक काम में समिति की अध्यक्ष गायत्री अरोरा के साथ रानी, मंजू, पवन, सोनिया, राज आदि अनेक सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दी।

## राष्ट्रीय पंचायती राज्य दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रत्येक गांव का विकास ही पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामों पंचायतों को नवीन टेक्नोलॉजी के माध्यम से सशक्त एवं मजबूत बनाने की दिशा में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरंतर कार्य कर रहे। पंचायतों के डिजीटल होने से स्थानीय स्तर पर लोगों को सुविधाएं मिल सकेगी। इस बात जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अजय प्रताप सिंह यादव ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2025 के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त कही।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने उपस्थितजनों को पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत गांवों का देश है। यहां की बहुसंख्यक आबादी आज भी गांवों में रहती है। भारत के गांव ही देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी है। देश की ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, तभी विकसित भारत की कल्पना साकार होगी। उन्होंनें कहा कि पंचायती राज दिवस पर हम सभी संकल्प लेकर ग्रामों के समग्र विकास के लिए अपनी सहभागिता निभाएं।

जल संरक्षण एवं स्वच्छता की दिलाई शपथ जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव द्वारा उपस्थितजनों को जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सजग होकर कार्य करने एवं अन्य लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाई। हितग्राहियों को पीएम आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्रों का किया वितरण जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा जिले के पात्र 10 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के तहत स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। इस अवसर पर हितग्राही अमरसिंह, संतोष सेन, शांति गिरी, भरोसीलाल सेन, काशीराम ओझा, देशराज राजपूत, भोलाराम कुर्मी, गुरवंत, रघुवीर तथा कलेक्टर सिंह को प्रथम किश्त की राशि के स्वीकृति पत्रों का वितरण किया गया। साथ ही हितग्राहियों को तुलसी के पौधे भेंट किये गये। प्रधानमंत्री का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एन.एस.नरवरिया,जिला पंचायत सदस्य रानी यादव, शीला जाटव,जनपद पंचायत अध्यक्ष ईसागढ़ चंदा यादव,जनपद पंचायत अशोकनगर उपाध्यक्ष अभिषेक यादव,उपाध्यक्ष जनपद पंचायत ईसागढ़ प्रियंका, सांसद प्रतिनिधि संजीव भारिल्ल, सतेन्द्र कलावत सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का क्रियान्वयन जिले में प्रभावी ढंग हो यह सुनिश्चित किया जाए। शासन की प्राथमिकताएं जनता से जुडी होती है। इन प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कार्य किये जाएं। यह निर्देश कलेक्टर ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.नीरज छारी, सिविल सर्जन डॉ.डी.के.भार्गव,समस्त बीएमओं एवं चिकित्सक उपस्थित थे।

**जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रयास किए जाएं**

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि चिकित्सक का सीधा संबंध मरीजों से होता है। मरीजों की सेवा करना चिकित्सक का प्रथम दायित्व है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सक समय पर उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें। सभी अस्पताल समय पर खुलें यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने तथा गर्भवती माताओं के संरक्षण के लिए प्राथमिकता दी जाए। साथ ही शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं को धरातल पर लेकर आएं। जिससे पात्र हितग्राहियों को लाभ मिल सके। उन्होंने सीएम डेशबोर्ड पर प्रदर्शित होने वाली महत्वपूर्ण योजनाओं एवं विषयों के संबंध में विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में जो कमियां है तथा संसाधनों की कमी है,उन कमियों एवं संसाधनों की पूर्ति शीघ्र कराई जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों पर रोगी कल्याण समिति की नियमित बैठकें आयोजित किये जाने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने गेहूं के उर्पाजन केन्द्रों पर हो रही खरीदी का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए रहे छाया,पानी की व्यवस्था को लेकर कलेक्टर ने किया उपार्जन केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। शासन के निर्देशानुसार जिले में चना,मसूर,सरसों के उपार्जन का कार्य संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर ने गुरूवार को समर्थन मूल्य पर की जा रही खरीदी हेतु उपार्जन केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही उन्होंने उपार्जित किये गये अनाजों की गुणवत्ता को देखा।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अशोकनगर उपार्जन केन्द्र शासकीय वेयरहाउस के गोदाम क्रमांक 6, गोदाम क्रमांक 9 तथा सेवा सहकारी समिति के सत्यम वेयर हाउस खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया । उन्होंने समिति प्रबंधकों को निर्देशित किया कि उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए ठंडा पेयजल, छाया की व्यवस्था की जाए। साथ ही तौल कांटों की संख्या बढ़ाई जाए। जिससे किसानों की फसलों की तुलाई समय पर हो सके। निरीक्षण के दौरान किसानों से संवाद कर उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। साथ ही उपार्जन केन्द्र के समिति प्रबंधकों से अब तक की गई खरीदी के बारे में विस्तार से जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए।



कलेक्टर द्वारा तहसील पिपरई अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नादनखेड़ी,तहसील ईसागढ़ के ग्राम ढाकोनी में द्वारकाधीश वेयर हाउस में खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने चना, मसूर, सरसो की खरीदी के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कृषकों से खाद के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि खाद की रैक समय-समय पर जिले को प्राप्त होगी। जिले में सोसायटियों के माध्यम से कृषकों को सुविधाजनक रूप से पर्याप्त खाद उपलब्ध कराया जाएगा।

## 'यज्ञ करने से प्रकृति में संतुलित बना रहता है'



**अशोकनगर।** हनुमान जी मन्दिर बक्सनपुर में वरुथिनी एकादशी के शुभ अवसर श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति द्वारा किया योग, यज्ञ, श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय। गीताव्रती रामबली यादव व गीता जिज्ञासु राजेंद्रसिंह द्वारा सभी बक्सनपुर, आरोली, खैराई के गीता स्वाध्याय प्रेमियों को स्वस्थ, प्रसन्न और आनंदित रहने के लिए ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके प्रातः काल योगाभ्यास करवाया जिसमें यौगिक जॉगिंग, सूर्यनमस्कार, आसन व प्राणायाम के अभ्यास सिखाए। सभी ने वैदिक यज्ञ भी किया प्रत्येक व्यक्ति को नियमित यज्ञ करना चाहिए यज्ञ करने से प्रकृति में संतुलित बना रहता है हानिकारक वायरस, बैक्टीरिया नष्ट होते हैं वातावरण शुद्ध होता है ऑक्सीजन शुद्ध होती है और सात्विक वातावरण बनता है। श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय करने से व्यक्ति को शुभ अशुभ कर्मों की जानकारी मिलती है अपने कत्र्तव्य कर्मों को करने की प्रेरणा और विकारों से मुक्त होने की प्रेरणा मिलती है, शास्त्र हमारे जीवन का पथ प्रकाशित करते हैं। योग, यज्ञ, श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय करने के पश्चात सभी योगीजनों ने मप्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान का समर्थन करते हुए जल बचाने हेतु सामूहिक मिलकर शपथ ली और जल की उपयोगिता को समझा।

### हर चीज में सावधानी रखने से जीवों की रक्षा होती रहेगी

# साधना के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थान है थूवोनजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तप साधना ऐकांत वास के लिए दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी सर्वश्रेष्ठ तीर्थ है। इस तीर्थ भूमि पर आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने एक नहीं दो चातुर्मास किए हैं। चारों ओर प्रकृतिक सौंदर्य विखरा पड़ा है यहां मन लगाने की आवश्यकता नहीं मन अपने आप लगता चला जाता है इस तीर्थ को मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त है। उन्होंने आपको बहुत कुछ दिया है इसे पचाने की आवश्यकता है। इस तीर्थ पर साधना अपने आप बढ़ती चली जाती है। उक्त आश्य के उद्गार भक्तों के वीच मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने व्यक्त किए।

इसके पहले तीर्थ क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि सन दो हज़ार तेरह से ही रोज रोज भक्तों के दल आते हैं और भक्ति भाव से जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा करते हैं आज हम मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज के सान्निध्य में दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का महाभिषेक करने जा रहे हैं जो भी भक्त ये सौभाग्य प्राप्त करना है। वह अवसर प्राप्त कर सकते हैं प्रथम सौभाग्य राजेन्द्र कुमार राजा द्वितीय सुजीत कुमार मुम्बई पवन कुमार दीपक कुमार भोपाली आनन्द कुमार नीरज कुमार कासल कमलेश कुमार अजय कुमार के साथ अन्य भक्तों ने प्राप्त किया। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री मनोज भैसरवास पूर्व विपिन सिंघई धन कुमार बल्ला राजेश जैन सुलभ अखाई सचिन एन एस टिंकल जैन आर जे जैन ने सभी को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



### बुद्धि में विचारो में अहिंसा होना चाहिए

उन्होंने कहा कि आप की बुद्धि में विचारो में अहिंसा होना चाहिए, ग्रहस्थो की अहिंसा पालन बहुत सरल है घरों में अनावश्यक जीवों की उत्पत्ति ना हो इस हेतु सावधानी बरतनी जरूरी है हर चीज में सावधानी रखने से जीवों की रक्षा होती रहेगी ग्रहस्थो की अहिंसा अलग हो ऐसा नहीं है ग्रहस्थो का एक देश पाप का त्याग होता है हम साधुओं का अहिंसा धर्म के पूर्ण पालन का संकल्प होता है वहीं ग्रहस्थो को ऐसा नहीं होता यहां तक कि राष्ट्र पर संकट आने पर क्षुल्लक ब्रत को धारण करने वाले भी युद्ध में देश की रक्षा के लिए जा सकते है।

## पुस्तक लेने के लिए स्कूल के शिक्षक हो रहे हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



जिले भर के शासकीय स्कूलों में अध्ययन करने वाले बच्चों के लिए निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया जाता है, यह पुस्तकें पाठ्य पुस्तक निगम से प्रत्येक जिले में भेजी जाती हैं। जिसके लिए ठेका पद्धति का प्रयोग किया जाता है। ताकि शिक्षकों को शाला स्तर पर यह पुस्तकें प्राप्त हो सके लेकिन ठेकेदार द्वारा स्कूलों में पुस्तकें भेजने के स्थान पर स्वयं पुस्तकें लेने के लिए जिला मुख्यालय पर बनाये गये केन्द्र पर देखा गया। ग्राम पथरिया में जो डाइस प्रशिक्षण केन्द्र है वहां से स्कूलों को पुस्तकें वितरण गुरूवार को सुबह 10:00 बजे से की गई।

इन पुस्तकों को बन्डलों में से शिक्षकों ही निकालकर अपने विद्यार्थीयों की संख्या के आधार पर स्वयं बांधकर मोटरसाईकिल अथवा ऑटो में भरकर ले जाते हुए देखे गये। ग्रामीण क्षेत्रों में बाईक से पुस्तकें लेकर जाने वाले शिक्षकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जबकि विद्यालयों के निर्देश के अनुसार यह पुस्तकें जिला मुख्यालय से संकुल केन्द्र तक पहुंचाकर संकुल केन्द्र में आने वाले विद्यालयों को पुस्तकें प्रदान की जानी थी परन्तु संबंधित ठेकेदार के साथ-साथ जिले के आला अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और पुस्तकों का वितरण जिला मुख्यालय के डाईज प्रशिक्षण केन्द्र में किया गया जो कि यह भवन एक ग्रामीण क्षेत्र में स्थित है। अब यह पुस्तकें लेकर शिक्षक ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अपने विद्यालयों के ले जाते हुए देखे गए।